Title: Need to open retail outlets of coal in every block of Jharkhand State-Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : झारखण्ड राज्य में एक भी खुदरा कोयले की दुकान नहीं है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को कालाबाजारी में कोयला खरीदना पड़ता है, इससे कोल इण्डिया लिमिटेड के अनुषांगी कम्पनियों में चोरी बढ़ती है और राजस्व में हानि होती है।

ऐसी स्थिति में झारखण्ड राज्य के प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में शिक्षित बेरोजगार युवकों द्वारा संचालित खुदरा कोयला बिक्री केन्द्र की स्थापना होने से वनों की कटाई रूकेगी और कोयले की चोरी में रोक लगेगी। इस संबंध में हमने कई बार मामले को लोक सभा में उठाया, परन्तु कार्रवाई नहीं हुई।

अतः सरकार से आग्रह है कि प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में कोयले की फुटकर बिक्री केन्द्र खोलने हेतु कोल इण्डिया लिमिटेड द्वारा बेराजगारों को कोयले का आबंटन कराने की व्यवस्था की जाये ताकि झारखण्डवासियों को खुले बाजार में अधिकृत ढंग से कोयला मुहैया कराया जा सके।